DAY —— 09 SEAT NUMBER

| 2024 | VII | 26 | 1100 | J-191 | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# ORGANISATION OF COMMERCE AND MANAGEMENT (51)

**Time : 3 Hrs.** **(7 Pages)** **Max. Marks : 80**

**सूचना :** *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*

*(२) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्णांक दर्शाते हैं।*

*(३) बायीं ओर के अंक प्रश्नों के क्रमांक दर्शाते हैं।*

*(४) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।*

**प्र. १.** **(अ)** निम्नलिखित संभावित पर्यायों में से उचित पर्याय चुनकर विधानों को पुन: पूर्णत: लिखिए : **[२०]** (५)

(१) उत्पादन के विभिन्न कार्यों पर नियंत्रण रखने के लिए एफ. डब्ल्यू. टेलर द्वारा कुल ----- फोरमैन सुझाए गए हैं।

(अ) आठ

(ब) तीन

(क) दो

(२) बैंक अधिविकर्ष सुविधा केवल ----- खाताधारक को देते हैं।

(अ) बचत

(ब) चालू

(क) सावधि (स्थायी)

(३) ऑनलाईन व्यवहार करने के लिए ----- अनिवार्य होता है।

(अ) व्यवसाय

(ब) व्यापार

(स) पंजीयन

(४) व्यवसाय संघटनों द्वारा ----- को स्वास्थ्य रक्षा और सुरक्षा के उपाय प्रदान किए जाने चाहिए।

(अ) स्वामियों

(ब) कर्मचारियों

(क) निवेशकों

(५) जिला ग्राहक आयोग के अध्यक्ष ----- होते हैं।

(अ) जिला न्यायाधीश

(ब) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(क) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश

**( ब )** सही जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

| 'अ' समूह | 'ब' समूह |
| --- | --- |
| (अ) निर्देशन | (१) एक ही विक्रेता |
| (ब) गोदाम / भंडारगृह | (२) भर्ती, चयन, नियुक्ति एवं पारिश्रमिक निर्धारण की प्रक्रिया |
| (क) बाह्यसेवा | (३) ख्याति मूल्य निर्धारण करना |
| (ड) निवेशकों के प्रति दायित्व | (४) सड़क परिवहन कार्यालय (RTO) |

(इ) एकाधिकार

(५) समय उपयोगिता

(६) समाज सेवा

(७) अनेक विक्रेता

(८) स्थल उपयोगिता

(९) सूचना मार्गदर्शन, संवाद एवं अभिप्रेरणा की प्रक्रिया

(१०) व्यवसाय प्रक्रिया बाह्यसेवा (BPO)

**( क )** गुट (समूह) से बेमेल शब्द खोजिए : (५)

(१) चयन, प्रशिक्षण, समन्वय, नियुक्ति

(२) बी–टू–बी, बी–टू–सी, ए–टू–झेड, सी–टू–सी

(३) बंदोबस्ती (एंडोमेंट) बीमा पॉलिसी, आजीवन बीमा पॉलिसी, राशि वापसी पॉलिसी, सर्वसमावेशक बीमा पॉलिसी

(४) जिला आयोग, राज्य आयोग, गैर–सरकारी संगठन (NGO), राष्ट्रीय आयोग

(५) प्राथमिक बाजार, द्‌वितीयक बाजार, फुटकर बाजार, अंतिम/सीमावर्ती बाजार

**( ड )** निम्नलिखित विधान सही हैं या गलत, लिखिए : (५)

(१) संगठनात्मक कार्य सुचारू रूप से पूरे करने के लिए सहयोग आवश्यक नहीं है।

(२) व्यवसायी समाज के विश्वस्त/न्यासी होते हैं।

(३) व्यवसाय के विस्तार के लिए व्यावसायिक सेवाएँ महत्त्वपूर्ण होती हैं।

(४) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उत्पादकों को सुरक्षा प्रदान करता है।

(५) विपणि (Market) शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के 'मार्केट्स' शब्द से हुई है।

**प्र. २. निम्नलिखित अवधारणा/ संकल्पना/ संज्ञा स्पष्ट कीजिए ( कोई चार ) :** **[८]**

(१) थोक बाजार

(२) परमसद (परमोच्च) विश्वास का सिद्धांत

(३) संवेष्टन (पैकेजिंग) एवं लेबलिंग

(४) जनहित याचिका

(५) अधिकार शृंखला (Scalar chain) का सिद्धांत

(६) सेवाएँ

**प्र. ३. निम्नलिखित प्रसंग / परिस्थिति का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए ( कोई दो ) :** **[६]**

**( १ )** श्री संजय एक व्यवसायी हैं और उनके पुणे और नासिक में कारखाने हैं। श्री संजय परिवार सहित पुणे में स्थायिक हैं तथा उनकी ५ एवं ८ वर्ष की दो बेटियाँ हैं।

(i) क्या श्री संजय उनकी पत्नी और बेटियों का जीवन बीमा करा सकते हैं?

(ii) क्या श्री संजय उनके कारखाने का सामुद्रिक बीमा करा सकते हैं?

(iii) अग्नि के कारण कारखाने को होने वाली हानि क्षतिपूर्ति के लिए श्री संजय कौन से प्रकार का बीमा करा सकते हैं?

**( २ )** श्री जय www.flipkart.com वेबसाईट से कुछ वस्तुओं की खरीदी ऑनलाईन करते हैं। उसी समय शीतल e-bay संकेत स्थल से भेंट वस्तुएँ खरीदती हैं। उपरोक्त खरीदी प्रक्रिया पहचानिए।

(i) इनमें सी-टू-सी से संबंधित वेबसाईट कौन-सी है?

(ii) इनमें बी-टू-सी से संबंधित वेबसाईट कौन-सी है?

(iii) श्री जय द्वारा ऑनलाईन व्यवहार करते समय सर्वप्रथम किस अवस्था से प्रारंभ करना पड़ेगा?

**( ३ )** यशवंत कंपनी लि. अपने महिला कर्मचारियों को उनके छोटे शिशुओं के लिए पालनाघर (झूलाघर) एवं घर से ही कार्य करने की सुविधा प्रदान करती है। यद्‌यपि वे श्रमिक संगठन की सदस्य हैं, फिर भी प्रबंध निर्णय करते समय उनके सुझावों को ध्यान में रखता है।

(i) कंपनी इस कार्य के द्‌वारा कौन-से वर्ग / समूह के प्रति सामाजिक दायित्व का निर्वाह करती है?

(ii) कंपनी कौन-से मूल्य निर्देशित कर रही है?

(iii) उपरोक्त प्रसंग में स्वामी कौन-कौन से प्रकार के दायित्वों का अनुसरण करता है?

**प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) :** **[१२]**

(१) राज्य आयोग एवं राष्ट्रीय आयोग

(२) केंद्रीय बैंक एवं वाणिज्यिक (व्यापारिक) बैंक

(३) संगठन एवं नियुक्तिकरण

(४) व्यवसाय प्रक्रिया बाह्यसेवा एवं ज्ञान प्रक्रिया बाह्यसेवा

**प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई दो) :** **[८]**

(१) विपणन के समाज के लिए कोई चार महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(२) उपभोक्ताओं के कोई भी चार अधिकार स्पष्ट कीजिए।

(३) व्यावसायिक संगठन के सरकार के प्रति कोई चार दायित्व स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ६. निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए ( कोई दो ) :** **[८]**

(१) समता का सिद्धांत महत्त्वपूर्ण है।

(२) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं के हितों के लिए लागू किया गया है।

(३) विपणि ऐसा स्थान है जहाँ व्यापारी अपने व्यवहार करते हैं।

(४) वायु परिवहन सर्वाधिक शीघ्रगामी प्रकार का परिवहन है।

**प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( कोई दो ) :** **[१०]**

(१) उपभोक्ताओं के लिए विपणन का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(२) उद्यमी के कोई पाँच कार्य स्पष्ट कीजिए।

(३) वैज्ञानिक प्रबंध के सिद्धांत स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ८.** गोदाम (भंडारगृह) का अर्थ लिखकर उसके विविध प्रकार स्पष्ट कीजिए। **[८]**

**अथवा**

नियोजन की परिभाषा लिखिए। नियोजन का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆